बोलो माँ के जयकारे

बोलो माँ के जयकारे, मिट जाये संकट सारे
मिट जाये संकट सारे, भर देगी माँ भंडारे
भर देगी माँ भंडारे, कर देगी वारे न्यारे
कर देगी वारे न्यारे, तुम बोलो रे जयकारे

तुम बोलो रे जयकारे, पहुचेंगे माँ के द्वारे
पहुचेंगे माँ के द्वारे, माँ बैठी राह निहारे
माँ बैठी राह निहारे, बैठी है खोल भंडारे
जो बोलेगा जयकारे, माँ उसके भाग सँवारे

ऊँचे पहाड़ो डेरा माँ का,
पथरीली और कठिन चढाई
मंजिल कट जायेगी यूँही.
मिल कर जयकारे बोलो रे भाई

जिसने गाया उसने पाया
जिसने नाम की धुनी लगाई
उसके सब संकट हरती है
पल भर में वैष्णो महामाई

जरा प्रेम से बोलो, जय माता दी
जरा जोर से बोलो, जय माता दी
अरे मिल के बोलो, जय माता दी
भाई दिल से बोलो, जय माता दी

माँ पार उतारे, जय माता दी
माँ कष्ट निवारे, जय माता दी
मोल ना लगता, जय माता दी
होठो पर सजता, जय माता दी

अरे ताली बजा के, जय माता दी
जरा शीश झुका के, जय माता दी
आते जाते, जय माता दी
तुम करो न बाते, जय माता दी

अरे बोल रे भक्ता, जय माता दी
तेरा कुछ नहीं घटता, जय माता दी
अरे आगे वालो, जय माता दी
पीछे वालो, जय माता दी

माँ शेरा वाली, जय माता दी
माँ मेहरा वाली, जय माता दी

माँ अष्टभुजी है, जय माता दी
क्या खूब सजी है, जय माता दी

माँ आदि भवानी, जय माता दी
माँ जग कल्याणी, जय माता दी
है शेर सवारी, जय माता दी
लगती बड़ी प्यारी, जय माता दी

माँ चक्र धरनी, जय माता दी
कष्ट हारिनी, जय माता दी
सबकी रखवाली, जय माता दी
माँ भोली भली, जय माता दी

माँ वैष्णव रानी, जय माता दी
अम्बे महारानी, जय माता दी
मा देके दर्शन, जय माता दी
कर देगी पावन, जय माता दी

बोलो माँ के जयकारे, मिट जाये संकट सरे
मिट जाये संकट सारे, भर देगी माँ भंडारे
भर देगी माँ भंडारे, कर देगी वारे न्यारे
कर देगी वारे न्यारे, तुम बोलो रे जयकारे

अरे बोलो जय जयकारे, पहुचेंगे माँ के द्वारे
पहुचेंगे माँ के द्वारे, माँ बैठी राह निहारे
माँ बैठी राह निहारे, बैठी है खोल भंडारे
जो बोलेगा जयकारे, माँ उसके भाग सँवारे

ये हाथी मत्था, जय माता दी
भक्तो का जत्था, जय माता दी
लो भवन आ गया, जय माता दी
अब कमी रही क्या, जय माता दी

यहाँ खुल्ले दर्शन, जय माता दी
करते है सब जन, जय माता दी
तुम दर्शन कर लो, जय माता दी
झोली भर लो, जय माता दी

इस गुफा के अन्दर, जय माता दी
बड़ा सोना मंदिर, जय माता दी
है अजब नज़ारा, जय माता दी
है स्वर्ग से प्यारा, जय माता दी

ये तीन पिंडिया, जय माता दी
है तीन शक्तिया, जय माता दी

फिर अंतिम दर्शन, जय माता दी
नयनो का वंदन, जय माता दी

देखो,,,, माँ का पवन धाम,
हां बनते,,,,, सब के बिगड़े काम॥
देखो माँ का पवन धाम

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/1777/title/bolo-maa-ke-jaikare-mitt-jaye-sankat-sare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |